तापमान

भोपाल	37.5°	24.3°
इंदौर	38.7°	24.5°
जबलपुर	40.5°	29.0°
ग्वालियर	44.6°	30.4°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 188, पृष्ठ12)
गुरुवार 6 जून 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... चार हजार करोड़ की लागत से होंगे जल संरक्षण...

खेल... भारत के मुख्य कोच के तौर पर आखिरी टूर्नामेंट...

व्यापार... देश में खाद्यान्नों का रिकॉर्ड हुआ उत्पादन...

देश-विदेश... ताइवान के आसपास फिर दिखे चीनी...

www.naiduniaonline.com

सरकार बनाने की कवायद तेज

सर्वसम्मति से मोदी चुने गए एनडीए के नेता, प्रस्ताव पास

नई दिल्ली (एजेंसी)।

लोकसभा चुनाव में बहुमत हासिल करने के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 15 घटक दलों की बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें सभी दलों ने सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित करके श्री मोदी को गठबंधन का नेता चुना और उनके नेतृत्व में राजग सरकार का समर्थन किया। शुक्रवार को एनडीए नई सरकार बनाने का दावा पेश करेगा।

श्री मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री श्री मोदी, भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं गृह मंत्री अमित शाह के अलावा गठबंधन के दूसरे सबसे बड़े घटक दल तेलुगु देशम पार्टी के नेता एन चंद्रबाबु नायडू, जनता दल यू के नीतीश कुमार, राजीव रंजन सिंह एवं संजय झा, लोजपा रामविलास के चिराग पासवान, शिवसेना के नेता एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे, जनता दल सेकुलर के नेता एच डी कुमारस्वामी, हिन्दुस्तानी अवाम पार्टी के जीतनराम मांझी, अपना दल (सोनेलाल) की अनुप्रिया पटेल, जनसेना पार्टी के पवन कल्याण, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुनील तटकरे एवं प्रफुल्ल पटेल, राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी, यूपीपीएल के प्रमोद बोडो, असम गण परिषद के अतुल बोरा, एसकेएम के इंद्र हांग सुब्बा, ऑल झारखण्ड स्टूडेंट्स यूनियन के सुदेश महतो शामिल हुए। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि दिल्ली में पीएम मोदी के आवास 7, एलकेएम पर एनडीए नेताओं की बैठक के दौरान सभी नेताओं ने पीएम मोदी को उनके नेतृत्व और उनके नेतृत्व में हमारे देश ने जो प्रगति की है, उसके लिए बधाई दी। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में पीएम मोदी की कड़ी मेहनत और प्रयासों की सराहना की। एनडीए सहयोगियों ने कहा कि पीएम मोदी के पास विकसित भारत के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण है। उन्होंने दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने में पीएम मोदी की भूमिका की सराहना की. एनडीए नेताओं ने गरीबी उन्मूलन की दिशा में पीएम मोदी के प्रयासों की सराहना की और अच्छे काम जारी रखने का संकल्प (शेष पेज 2 पर)

राष्ट्रपति मुर्मु ने सत्रहवीं लोकसभा भंग की

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर सत्रहवीं लोकसभा बुधवार को भंग कर दी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में राष्ट्रपति से सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई थी। राष्ट्रपति मुर्मु ने इस सिफारिश पर अमल करते हुए संविधान के अनुच्छेद 85 के उपबंध (2) के तहत मिले अधिकार का इस्तेमाल करते हुए सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिये। इससे पहले दोपहर में श्री मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति मुर्मु से मुलाकात की और उन्हें अपना तथा अपनी मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा सौंपा था। राष्ट्रपति ने उनका और मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा स्वीकार करने के बाद उन्हें नयी सरकार के गठन तक कार्यभार संभालने का अनुरोध किया है। सुबह श्री मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की अंतिम (शेष पेज 2 पर)

उन दलों का स्वागत है, जो संविधान की प्रस्तावना में विश्वास रखते हैं

मोदी जनमत को नकारने की हर संभव कोशिश करेंगेः खड़गे

नई दिल्ली (एजेंसी)।

कांग्रेस अध्यक्ष के आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बैठक कर लोकसभा चुनाव के परिणाम और आगामी रणनीति पर चर्चा हुई। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताक़त से लड़े। आप सबको बधाई! 18वीं लोक सभा चुनाव का जनमत सीधे तौर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ है।

चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत ना देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ़ संदेश दिया है। व्यक्तिगत रूप से मोदी के लिये यह ना सिर्फ़ राजनैतिक शिकस्त है, बल्कि नैतिक हार भी है। परन्तु हम सब उनकी आदतों से वाक़िफ़ हैं। वो इस जनमत को नकारने की हर संभव कोशिश करेंगे। बहुमत से दूर रह गया इंडिया गठबंधन अब अन्य राजनीतिक दलों का स्वागत करने को तैयार है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि इंडिया गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है जो भारत के संविधान की प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते हैं। उन्होंने सहयोगी दलों से कहा कि मैं इंडिया गठबंधन के सभी साथियों का स्वागत करता हूं। हम यहाँ से यह भी संदेश देते हैं कि इंडिया गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है जो भारत के संविधान के प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते है और इसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों से प्रतिबद्ध है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को बीजेपी के खिलाफ एकजुट होकर लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए इंडिया ब्लॉक के सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया और कहा कि विपक्षी गठबंधन उन सभी पार्टियों का स्वागत करता है जो संविधान की प्रस्तावना में निहित मूल्यों के प्रति मौलिक प्रतिबद्धता साझा करते हैं। हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताकत से लड़े। आप सबको बधाई। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक 18वीं लोकसभा चुनाव का जनमत सीधे तौर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ है। चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत नहीं देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ संदेश दिया है। व्यक्तिगत रूप से मोदी जी के लिए यह न सिर्फ राजनीतिक हार है, बल्कि नैतिक हार भी है। हम सब उनकी आदतों से वाकिफ हैं। वो इस जनमत को नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे।

श्री खड़गे ने कहा कि हम यहां से यह भी संदेश देते हैं कि इंडिया गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है जो भारत के संविधान की प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों से प्रतिबद्ध हैं।

खास-खबर

ममता की नवनिर्वाचित तृणमूल सांसदों के साथ शनिवार को बैठक

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक शनिवार को बुलाई है। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के दौरान अपना दबदबा कायम रखा है और 42 सीट में से 29 पर जीत दर्ज की है। वहीं भाजपा ने 12 और कांग्रेस ने एक सीट पर जीत दर्ज की है। तृणमूल पार्टी सुप्रीमो ने हमारे नव निर्वाचित सांसदों की बैठक शनिवार को बुलाई है। इस बैठक के दौरान राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा की जाएगी। बनर्जी ने, जनवरी में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा से लोकसभा चुनाव में मिलकर मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों द्वारा गठित 'इंडिया' गठबंधन से अलग होकर, राज्य में चुनाव लड़ने की घोषणा की थी।

अग्निपथ योजना के तहत दूसरे चरण की भर्ती 27 जून से

चंबा (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के पालमपुर सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक कर्नल मनीष शर्मा ने बताया कि अग्रिपथ योजना भर्ती वर्ष 2024-25 के तहत कांगड़ा और चंबा जिला से प्रथम चरण मे अग्निवीर सामान्य ड्यूटी 6,246, अग्निवीर तकनीकी 151, अग्निवीर कार्यालय सहायक-स्टोर कीपर तकनीकी-129 , अग्निवीर ट्रेड्समेन 10वीं पास 35 और अग्निवीर ट्रेड्समेन 8वीं पास -छह उम्मीदवारों का चयन दूसरे चरण के लिए हुआ हैं। भर्ती दूसरे चरण की प्रक्रिया 28 जून से आठ जुलाई 2024 तक युथ सर्विस हिमाचल प्रदेश स्पोर्ट्स सिंथेटिक ट्रैक धर्मशाला मे निर्धारित किया गया है।

राजग का हिस्सा है तेलुगु देशम पार्टीः चंद्रबाबू

विजयवाड़ा (एजेंसी)।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) सुप्रीमो एवं आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को स्पष्ट किया है कि वे भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(राजग) का हिस्सा हैं और वह दिल्ली में राजग की बैठक में भाग लेंगे।

श्री नायडू ने आज विजयवाड़ा के समीप उंडावल्ली स्थित अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के हिस्से के रूप में वह गठबंधन का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे राजनीति का बहुत अनुभव है और मैंने देश में बहुत सारे राजनीतिक बदलाव देखे हैं। मैं नयी दिल्ली में होने वाली राजग की बैठक में शामिल होने जा रहा हूं। तेदेपा-भाजपा-जेएसपी गठबंधन को भारी जीत दिलाने के लिए राज्य की जनता का शुक्रिया अदा करते हुए श्री नायडू ने जीत का श्रेय तीनों दलों के कार्यकर्ताओं के समन्वित प्रयासों को दिया। वर्ष 2024 के चुनावों को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने दावा किया कि एक व्यक्ति वाईएसआरसीपी के नेतृत्व वाली सरकार को हराने के दृढ़ संकल्प के साथ अपना वोट डालने के लिए अमेरिका से आंध्र आया और उसी समय पड़ोसी राज्यों में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करने वाले कुछ लोग भी जगन मोहन रेड्डी सरकार को हटाने के लिए अपना वोट डालने के लिए राज्य में उमड़ (शेष पेज 2 पर)

मोदी का समर्थन करने यहां आया हूंः शिंदे

नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अगली सरकार बनायेगा। शिंदे ने यहां पहुंचने पर पत्रकारों से कहा कि राजग ने लोकसभा चुनाव में बहुमत हासिल किया है और मोदी के नेतृत्व में अगली सरकार बनेगी। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने लोकसभा में सात सीट जीती हैं और उसे केंद्र में भाजपा का महत्वपूर्ण सहयोगी माना जाता है। उन्होंने नए केंद्रीय मंत्रिमंडल में शिवसेना द्वारा मांगे जाने वाले विभागों के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में कहा कि मैं यहां कुछ मांगने नहीं आया हूं, मैं यहां मोदी का समर्थन करने आया हूं। मोदी के पास देश के विकास के लिए एक योजना है।

राहुल मुश्किलों का बहादुरी से सामना करने वाले शख्सः प्रियंका

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को कांग्रेस नेता एवं अपने भाई राहुल गांधी के लिए एक भावुक नोट लिखा और उन्हें मुश्किलों का दृढ़ता से सामना करने और मजबूती से खड़ा रहने वाला शख्सियत बताया।

सुश्री वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि आप हमेशा मजबूती से खड़े रहे। चाहे उन्होंने आपके साथ कुछ भी किया या कहा हो , आप कभी पीछे नहीं हटे। चाहे वे आपकी आस्था पर कितना भी संदेह करें, आपने कभी भी सच्चाई के लिए लड़ना बंद नहीं किया।

उन्होंने झूठ का इतना प्रचार किया है लेकिन आपने कभी भी क्रोध और घृणा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया, भले ही वे आपको ऐसा हर दिन उपहार में देते रहे हों।

फडणवीस ने ली हार की जिम्मेदारी

मुंबई (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के खराब परफॉर्मेंस का असर महाराष्ट्र में दिखने लगा है। बीजेपी के दिग्गज नेता और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस्तीफे की पेशकश की है।

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे सामने आ चुके हैं। रिजल्ट में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिल चुका है। ऐसे में अब तीसरी बार एनडीए सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है। इसी बीच महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस्तीफे की पेशकश कर दी है। उन्होंने राज्य में पार्टी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की पेशकश की है। उन्होंने भाजपा हाईकमान से मांग की है कि उन्हें उनके पद से मुक्त किया जाए। ताकि वह पार्टी के लिए काम कर सकें। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी की सारी जिम्मेदारी एक लीडर के रूप में मेरे ऊपर थी। महाराष्ट्र (शेष पेज 2 पर)

जौनपुर में एक लाख का ईनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

जौनपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के खेतासराय क्षेत्र में एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद पुलिस ने एक लाख रुपये के ईनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस ने मारे गये बदमाश के कब्जे से दो नाइन एमएम की पिस्टल और गोली बारुद बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान के पर्यवेक्षण में थाना खेतासराय, स्वाट, स्पेशल स्वाट, सर्विलांस व अन्य थाने की संयुक्त टीम के साथ मंगलवार की रात हुई पुलिस मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय दुर्दान्त एक लाख रुपये के पुरस्कार घोषित अपराधी प्रशान्त सिंह उर्फ प्रिन्स सिंह घायल हो गया।

नतीजों ने साबित किया, छल बल से बड़ी होती है जनशक्तिः अखिलेश

लखनऊ (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव नतीजों का स्वागत करते हुये सपा अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि जनता की शक्ति से बड़ा न किसी का बल होता है और न किसी का छल होता है।

श्री यादव ने बुधवार सुबह एक्स पर पोस्ट कर सपा-कांग्रेस गठबंधन को समर्थन देने के लिये यूपी की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होने लिखा कि उप्र में इंडिया गठबंधन की जन-प्रिय जीत उस दलित-बहुजन भरोसे की भी जीत है जिसने अपने पिछड़े, अल्पसंख्यक, आदिवासी, आधी आबादी और अगड़ों में पिछड़े सभी उपेक्षित, शोषित, उत्पीड़ित समाज के साथ मिलकर उस संविधान को बचाने के लिए कंधे-से-कंधा मिलाकर संघर्ष किया है जो समता-समानता, सम्मान-स्वाभिमान, गरिमामय जीवन व आरक्षण का अधिकार देता है। उन्होने कहा कि ये पीडीए के रूप में पिछड़े-दलित-अल्पसंख्यक-आदिवासी, आधी आबादी और अगड़ों में पिछड़े के उस मजबूत गठजोड़ की जीत है, जिसे हर समाज और वर्ग के अच्छे लोग अपने सहयोग व योगदान से और भी मजबूत बनाते हैं। ये नारी के मान और महिला-सुरक्षा के भाव की (शेष पेज 2 पर)

केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका खारिज, न्यायिक हिरासत बढ़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मेडिकल अधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत याचिका ठुकराते हुए विशेष अदालत ने बुधवार को उनकी न्यायिक हिरासत 19 जून तक बढ़ा दी।

राउज एवेन्यू स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने यह आदेश पारित किया। विशेष अदालत ने श्री केजरीवाल के स्वास्थ्य की चिंताओं से संबंधित उनके अधिवक्ता के सवालों पर कहा कि मेडिकल जांच से संबंधित कुछ निर्देश दिए गए हैं। जरूरत के मुताबिक याचिकाकर्ता की अर्जी पर आगे भी विचार किया जाएगा। अदालत ने मुख्यमंत्री की न्यायिक हिरासत 19 जून तक बढ़ाने का भी आदेश दिया।

स्पेशल खबर | भाजपा मुख्यालय पर जश्न में डूबे पार्टी कार्यकर्ता...

अयोध्या की हार को हिंदुओं की गद्दारी करार

नई दिल्ली (एजेंसी)।

देशभर में एनडीए की जीत के बाद बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। बातचीत के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है।

उन्होंने दिल्ली में भारी जनादेश देने के लिए राजधानी के मतदाताओं को भी धन्यवाद दिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठा व्यक्ति करार देते हुए उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने अन्ना आंदोलन के बाद से ही हमेशा झूठ की राजनीति की है। इसीलिए केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने पूरी तरह से जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बीजेपी की जीत नहीं बल्कि देश की 140 करोड़ जनता की भी जीत हुई है। शराब नीति को लेकर भी बीजेपी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पर जमकर हमला बोला। बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी के सामने विपक्ष का कोई भी नेता टिक नहीं सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि एनडीए की सरकार पूरे 5 साल अपनी सरकार चलाएगी। तो वहीं महिला कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाते हुए कहा कि पार्टी ने फिर से दिल्ली की सभी सीटों पर क्लीन स्वीप करके इतिहास रच दिया है। उप्र और अयोध्या में मिली करारी शिकस्त को उन्होंने हिंदुओं की गद्दारी करार दिया। साथ ही महिलाओं ने विश्वास जताया कि आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड जीत के साथ अपना परचम लहराएगी।

तमांग 9 जून को सिक्किम के मुख्यमंत्री के रूप में लेंगे शपथ

गंगटोक (एजेंसी)। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के प्रमुख प्रेम सिंह तमांग ने बुधवार को कहा कि वह दूसरे कार्यकाल के लिए राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में नौ जून को शपथ लेंगे। तमांग और उनके मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह राज्य की राजधानी गंगटोक के पलजोर स्टेडियम में होगा।

तमांग ने कहा कि नये मंत्रिपरिषद का शपथ ग्रहण समारोह नौ जून को पलजोर स्टेडियम में होगा, जैसा कि पांच साल पहले हुआ था। उन्होंने कहा कि सिक्किम के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में आम लोगों के साथ-साथ एसकेएम कार्यकर्ताओं के भी कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है। एसकेएम ने लोकसभा चुनाव के साथ-साथ हुए विधानसभा चुनाव में राज्य की 32 सीटों में से 31 सीटें जीतीं। एक सवाल के जवाब में एसकेएम प्रमुख ने कहा कि उनके सांसद इंद्र हंग सुब्बा केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा होंगे।